अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 संजय सिंह के जरिए कुश्ती महासंघ पर बृजभूषण शरण का कब्जा...
6 दक्षिण अफीका में सीरीज जीतकर 31 साल का इंतजार खत्म करेगी...
7 शिक्षा हमारी माटी के आदर्शों के अनुकूल हो-श्री मंगुभाई पटेल...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 | अंक-48 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 26 दिसम्बर से 01 जनवरी 2024 | पृष्ठ-8 | मूल्य -2

# मोहन मंत्रिमण्डल का हुआ विस्तार



## कैलाश विजयवर्गीय-प्रह्लाद पटेल समेत 28 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 28 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें से 18 विधायकों को कैबिनेट और 10 विधायकों को राज्य मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। जिन 28 मंत्रियों में 7 सामान्य वर्ग से, 11 ओबीसी वर्ग से, 6 एससी वर्ग से और 4 एसटी वर्ग से हैं।**

### इन्होंने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली

कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, उदयप्रताप सिंह,कुंवर विजय शाह, तुलसीराम सिलावट, एदल सिंह कंषाना, निर्मला भूरिया, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग,नारायण सिंह कुशवाह, नागर सिंह चौहान, चैतन्य काश्यप, इंदर सिंह परमार, राकेश शुक्ला, प्रद्युम्न सिंह तोमर,संपतिया उइके ने अकेले शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने राज्यपाल के पैर छुए।

### इन्होंने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली

कृष्णा गौर, धर्मेंद्र लोधी, दिलीप जायसवाल, लखन पटेल, नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल

### इन्होंने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली

नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी
राधा सिंह, दिलीप अहिरवार

### पहली बार जीतकर आए ये 6 विधायक मंत्री बने

प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, संपतिया उइके, नरेंद्र पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह। इनमें प्रहलाद सिंह पटेल दमोह से सांसद और केंद्र में मंत्री थे। वे नरसिंहपुर सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। राकेश सिंह जबलपुर से सांसद थे। वे जबलपुर पश्चिम से जीतकर विधायक बने।

### सिंधिया समर्थक 3 विधायक मंत्री बने

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक 3 विधायकों तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत और प्रद्युम्न सिंह तोमर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इनके अलावा शिवराज सरकार में मंत्री रहे प्रभुराम चौधरी और बृजेन्द्र सिंह यादव को मोहन मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।
विजय शाह 5वीं बार मंत्री बने हैं, जबकि कैलाश विजयवर्गीय चौथी बार मंत्री बने हैं।

### सांसद से विधायक बनी रीति पाठक को जगह नहीं

नए मंत्रिमंडल में शिवराज सरकार के केवल 6 मंत्रियों को ही जगह मिली, जबकि 10 मंत्रियों को मौका नहीं मिल सका। वहीं सीधी से विधायक रीति पाठक को छोड़कर सांसद से विधायक बने 3 नेताओं को मंत्री बनाया गया है। जबकि नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है।

शपथ ग्रहण समारोह सोमवार दोपहर साढ़े 3 बजे राजभवन में हुआ। सीएम डॉ. मोहन यादव और दोनों डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल राजभवन में मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्री पद की शपथ लेने जा रहे विधायकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा, %मैं आज शपथ ले रहे सभी मंत्री मित्रों को.. कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार के मंत्री, राज्य मंत्री.. सबको हृदय से बधाई देता हूं। शुभकामनाएं देता हूं। वे अपनी संपूर्ण क्षमताओं के साथ पूरी निष्ठा और लगन से प्रदेश की जनता की सेवा का एक नया इतिहास रचेंगे। बहुत बहुत शुभकामनाएं।

**शिवराज ने कहा, मुझे ये भी विश्वास है कि संकल्प पत्र में हमने जो संकल्प व्यक्त किए हैं, प्रदेश के विकास के और जनता के कल्याण के..उन संकल्पों को भी पूरा करने में ये टीम कोई कसर नहीं छोड़ेगी।**

इंदौर के दिग्गज नेता और बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय मोहन सरकार के मंत्रीमंडल में शामिल होने के बाद अब राष्ट्रीय महामंत्री के पद से इस्तीफा दे सकते है। मीडिया से बात करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं राष्ट्रीय महामंत्री के पद से इस्तीफा दूंगा। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष के फैसले का इंतजार कर रहा हूं। इस्तीफा मैंने लिखकर तैयार कर लिया है। बता दें कि कैलाश विजयवर्गीय ने सोमवार को दोपहर 3.30 बजे कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली है।

कैलाश विजयवर्गीय पहली बार जुलाई 2015 में बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री बनाए गए थे। तब विजयवर्गीय शिवराज सरकार में नगरिय प्रशासन एंव विकास, आवास और पर्यावरण मंत्री थे। लेकिन विजयवर्गीय ने 2015 में संगठन में शिफ्ट होने व केंद्र की राजनीति में सक्रीय होने पर 05 जुलाई 2015 को शिवराज मंत्रिमंडल से एक व्यक्ति एक पद के नियम का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने के दो दिन बाद राज्यपाल ने 07 जुलाई 2015 को विजयवर्गीय का इस्तीफा स्वीकार किया था। वहीं 2023 में मोहन सरकार में विजयवर्गीय की क्या भूमिका होगी इसको लेकर राजनीति विशेषज्ञों का कहना है कि सीनियरिटी के लिहाज से देखा जाए तो कैलाश विजयवर्गीय को गृहमंत्री बनाया जा सकता है। वह पहले नगरीय प्रशासन और पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर रह चुके हैं। चूंकि नरोत्तम मिश्रा चुनाव हार गए हैं, ऐसे में विजयवर्गीय का दावा सबसे मजबूत माना जा रहा है।

संपादकीय

# संजय सिंह के जरिए कुश्ती महासंघ पर बृजभूषण शरण का कब्जा, साक्षी मलिक ने की संन्यास की घोषणा

**बृजभूषण शरण सिंह पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लगा था। इसे लेकर लंबे समय तक महिला खिलाड़ियों ने धरना-प्रदर्शन किया था। भारतीय कुश्ती महासंघ विवादों से बाहर नहीं निकल पा रहा। हालांकि लंबे इंतजार के बाद इसके पदाधिकारियों का चुनाव हो तो गया, मगर उसके अध्यक्ष पर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के काबिज होने से एक नया विवाद शुरू हो गया है। इस जीत से निराश होकर साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी।**





संपादक-
गोपाल गावंडे

पहलवान बजरंग पुनिया ने भी अपना पद्म श्री सम्मान लौटा दिया है। कहा जा रहा है कि संजय सिंह के जरिए कुश्ती महासंघ पर एक तरह से बृजभूषण शरण सिंह का ही कब्जा बना रहेगा। इसके संकेत भी चुनाव नतीजे आने के साथ ही मिलने शुरू हो गए थे। न केवल बृजभूषण शरण सिंह विजय जुलूस में शामिल हुए, बल्कि उनके घर के बाहर समर्थकों ने इस आशय का बैनर भी लगाया कि दबदबा बना रहेगा।

गौरतलब है कि बृजभूषण शरण सिंह पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लगा था। इसे लेकर लंबे समय तक महिला खिलाड़ियों ने धरना-प्रदर्शन किया था। मगर खेल मंत्रालय का रवैया इस मामले में पक्षपातपूर्ण ही देखा गया था। तब अदालत के हस्तक्षेप से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा सकी थी। फिर भी दिल्ली पुलिस जांच में कोताही बरतती देखी गई थी। अंततः अदालत की सख्ती के बाद उनके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल हो सका था।

जांचों से स्पष्ट है कि महिला खिलाड़ियों के प्रति बृजभूषण शरण सिंह का व्यवहार उचित नहीं था। इसलिए अदालत ने उनके और उनके परिवार के किसी सदस्य के महासंघ का चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। मगर संजय सिंह को चुनाव लड़ा कर एक तरह से बृजभूषण शरण सिंह ने फिर से महासंघ पर अपनी पकड़ बना ली है। ऐसे में खिलाड़ियों का भय, निराशा और आक्रोश समझा जा सकता है।

खिलाड़ियों ने आंदोलन ही इस बात को लेकर छेड़ा था कि महासंघ को साफ-सुथरा और खिलाड़ियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा सके। मगर ऐसा हो न सका। सरकार का सकारात्मक रुख न होने की वजह से खिलाड़ियों ने पहले भी अपने पदक गंगा में विसर्जित करने का फैसला किया था। मगर उन्हें ऐसा करने से रोका और आश्वस्त किया गया था कि उनकी मांगें पूरी कराई जाएंगी। अब जब फिर से महासंघ पर बृजभूषण शरण सिंह की छाया बरकरार है, तो समझाना मुश्किल नहीं कि इन खिलाड़ियों के लिए उसमें रहना कितना मुश्किल होता।

दरअसल, यह स्थिति केवल कुश्ती महासंघ की नहीं है। हर खेल संघ में किसी न किसी तरह का विवाद देखा जा सकता है। इसलिए कि खेल संघों में राजनीतिक लोगों का प्रवेश रोका नहीं जा सका है। कुछ साल पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में उठे एक विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय ने लोढ़ा समिति की गठन किया था। उसने सुझाव दिया था कि बीसीसीआइ में खिलाड़ियों को ही पदाधिकारी बनाया जाना चाहिए और उनका एक पद पर कार्यकाल एक वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। जब तक राजनीतिक लोगों को खेल संघों से दूर नहीं रखा जाएगा, तब तक इनमें अनियमितताओं को खत्म करना मुश्किल ही बना रहेगा। अगर बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों का कुश्ती महासंघ में प्रवेश न हो पाता, तो शायद ऐसी स्थिति न आ पाती, जैसी इस समय है। जिन खिलाड़ियों ने विरोध में संन्यास लिया और अपना पद्म श्री लौटाया है, वे दुनिया में भारत का नाम ऊंचा कर चुके हैं। उनके आगे न खेल पाने से आखिरकार नुकसान देश का ही होगा।

राजनीति

# क्या महाराष्ट्र में फिर चलेगा मोदी मैजिकया I.N.D.I.A. गठबंधन मारेगा बाजी, जानिए ओपिनियन पोल में किसको कितनी सीटें?



**देश में उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा लोकसभा की सीटें महाराष्ट्र में हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के बाद राज्य विधानसभा के भी चुनाव होंगे। ऐसे में 2024 के लोकसभा चुनावों को सभी दलों के काफी ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 2024 के ओपिनियन पोल में देखें किसकों कितनी सीटें मिल रही है मुंबई। देश में अगले साल चुनाव होने हैं। ऐसे में तमाम राजनीतक दल तैयारियों में जुटे हैं। इस सब के बीच में एबीपी न्यूज और सी वोटर ने 2024 के चुनावों को लेकर पहला ओपिनियन पोल किया है। इसमें महाराष्ट्र में क्या तस्वीर उभर सकती है। इसका अनुमान लगाया है। किस पार्टी को कितनी सीटें मिल सकती हैं इसका भी निष्कर्ष निकाला गया है। ओपिनियन पोल में लोगों से यह भी पूछा गया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज से संतुष्ट हैं। इसमें महाराष्ट्र में 44 फीसदी लोगों ने कहा है वे संतुष्ट हैं। 30 फीसदी लोगों ने कहा वे कम संतुष्ट हैं। 25 फीसदी लोगों ने खुद को असंतुष्ट बताया। ओपिनियन पोल में 1 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें इस बारे में पता नहीं है।**

## किसको कितनी सीटें मिलेंगी?

एबीपी न्यूज और सी वोटर ने अपने ओपिनियन पोल में महाराष्ट्र में बीजेपी को नुकसान होने की बात कही है। ओपिनियन पोल में बीजेपी के अगुवाई वाल महायुति (ग्रैंड अलायंस यानी एनडीए) को 19 से 21 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है, जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाले I.N.D.I.A. गठबंधन को 26 से 28 सीटें मिलने की संभावना जताई गई हैं। ओपिनियन पोल में 1 से दो सीट अन्य के खाते में जाने की बात सामने आई है। 2019 के चुनावों में बीजेपी ने राज्य में अच्छा प्रदर्शन किया था। बीजेपी को तब 23 सीटों पर जीत मिली थी। उसकी सहयोगी रही उद्धव की अगुवाई वाली शिवसेना ने तब राज्य में 18 सीटें जीती थीं। ऐसे में एनडीए ने 2019 में 48 में से 41 सीटें झटक ली थीं।

## NDA Vs MVA को कितने प्रतिशत वोट?

महाराष्ट्र में 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी के अगुवाई वाले एनडीए (स्थानीय स्तर पर महायुति) को 37 फीसद वोट मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। तो वहीं महाविकास आघाड़ी को लोकसभा चुनावों में 41 फीसदी वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। महाराष्ट्र में अभी बीजेपी की अगुवाई वाली सरकार में शिवसेना के एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री है। ताजा ओपिनियन पोल में बीजेपी को बड़ा झटका लगने की संभावना व्यक्त की गई है।

## चंदन नगर पुलिस को मिली सफलता

# चोरी की घटना के महज 3 घंटे में चोरों को किया गिरफ्तार





**इंदौर 25 दिसंबर ग्रीन पार्क कॉलोनी में व्यापारी के घर हुई लाखों रुपए की चोरी के 3 घंटे बाद ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चुराया गया माल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जाकिर पिता मुबारिक हुसैन निवासी डायमंड पैलेस सिरपुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 23 दिसंबर की रात्रि 10 बजे अपने परिवार के साथ ग्रीन पार्क कॉलोनी में शादी में गया था। बाद में रात्रि को घर पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था और अंदर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण गायब थे। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया। टी आई इंद्रमणि पटेल ने चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया। टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी करने वाले संदिग्ध बदमाश माल बेचने की फरक  में घूम रहे हैं। टीम ने तत्काल राहुल बरमुंडा निवासी डायमंड पैलेस कॉलोनी शकील उर्फ बबलू निवासी डायमंड पैलेस कॉलोनी को गिरफ्तार किया एवं चोरी का माल बरामद किया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और भी चोरी की वारदातों की जानकारी मिलने की संभावना है।**

## जमीन विवाद को लेकर युवक को गोली मारी, प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** हातोद थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के चलते एक युवक को गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कल शाम 4:20 बजे ग्राम गुलावत में हुई। टी आई सुरेंद्र सिंह बघेल के मुताबिक फरियादी राहुल पिता भगवान सिंह पवार 30 साल निवासी गुलावत कल शाम घर के पास से गुजर रहा था तभी क्षेत्र में रहने वाले अर्जुन नामक युवक ने पुरानी जमीन विवाद को लेकर जान से मारने की नीयत से उसे गोली मार दी और फरार हो गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।  हातोद पुलिस ने आरोपी अर्जुन के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 का प्रकरण दर्ज किया है।

## किन्नर ने संबंध नहीं बनाया तो बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में कल रात किन्नर पर जानलेवा हमले की घटना हुई। किन्नर को उपचार के लिए अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि किन्नर सपना उर्फ शबनम दो लोगों के साथ शराब पी रही थी। इसके बाद दोनों युवकों ने संबंध बनाने का दबाव बनाया तो शबनम ने मना कर दिया इस पर दोनों ने शराब की बोतल फोड़ कर उसे पर हमला किया और फरार हो गए। किन्नर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में विजयनगर टीआई रविंद्र गुर्जर से जानकारी दी गई तो उन्होंने ऐसी कोई भी घटना होने से इनकार कर दिया।

## नशे के लिए दो लोगों को मारे चाकू

**इंदौर।** ऋषि पैलेस कॉलोनी में रहने वाले देवेंद्र गुर्जर ने बताया कि रात्रि 10:20 बजे क्षेत्र में रहने वाले गोपाल कसेरा ने शराब पीने के लिए 100 रुपए मांगे नहीं दिए तो चाकू मार दिया। वही मालवीय नगर में रहने वाले विनोद परमार को भी नशे के लिए कैलाश चौधरी ने चाकू मारा और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी घायल

**इंदौर। रविवार रात जान इंदौर थाना क्षेत्र में बाइक पर जा रहे दंपति को तेज रफ्तार में दौड़ रही बाइक ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों गिर गए। हादसे में पति की मौत हो गई और पत्नी घायल है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात्रि 7:50 बजे के लगभग की है। मृतक का नाम राजेश पिता बद्री लाल परसाई 52 साल निवासी स्नेह नगर है। बताया जाता है कि राजेश परसाई अपनी पत्नी पुष्पा को मोटरसाइकिल पर बिठाकर रिश्तेदार के यहां जा रहा था तभी स्कूल के सामने तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों गिर गए। इन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया यहां से उन्हें बड़े अस्पताल रेफर किया गया जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित किया। पत्नी पुष्पा को चेहरे और कमर पर चोट आई है। बताया जाता है की टक्कर मारने वाला नाबालिक था जो घटना  के बाद फरार हो गया।  जूनी इंदौर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है इसी प्रकार आज सुबह खंडवा नाके पर टैंकर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार राजेंद्र पिता उमाशंकर द्विवेदी और जितेंद्र पिता हरिश्चंद्र चौहान दोनों निवासी नौलखा घायल हो गए। पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## छेड़छाड़ का आरोप लगाकर छात्र को पीटा, प्रकरण दर्ज

**इंदौर 23 दिसंबर एरोड्रम थाना क्षेत्र में सिटी बस का इंतजार कर रहे कॉलेज छात्र के साथ दो बदमाशों ने छेड़छाड़ का आरोप लगाकर जमकर मारपीट की और भाग गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना एयरपोर्ट रोड स्थित अंकित होटल के पास हुई। छात्र कुशल गोद निवासी नगीना नगर की रिपोर्ट पर राजनगर में रहने वाले दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी छात्रों कुशाल ने पुलिस को बताया कि वह डोपा हर 12:10 बजे कॉलेज जाने के लिए होटल के सामने खड़ा था और बस का इंतजार कर रहा था तभी वहां पर बाइक पर दोनों बदमाश आए और गालियां दी तथा बोले कि तो मेरी बहन को छेड़छाड़ क्यों करता है मैं इनकार किया तो दोनों ने जमकर मारपीट की जिस चेहरे और कमर पर चोट आई। दोनों धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। किसी प्रकार भाग्यश्री कॉलोनी में स्थित गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली प्रियंका ठाकुर की रिपोर्ट पर हॉस्टल की वार्डन मीनाक्षी के खिलाफ  केस दर्ज किया है। फरियादी प्रियंका ने पुलिस को बताया कि वह बीमार सहेली के लिए हॉस्टल के किचन में खाना लेने जा रही थी तभी वार्डन मीनाक्षी ने गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ज्वेलरी बनाने के नाम पर लाखों का सोना लेकर फरार आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। हीरानगर पुलिस ने एक ऐसे  ज्वेलर्स को गिरफ्तार किया है जिसने 20 से अधिक लोगों को ज्वेलरी बनाने के नाम पर उनके लाखों रुपए का सोना लेकर फरार हो गया था। पुलिस उपायुक्त ने आरोपी पर तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

उल्लेखनीय है कि 1 फरवरी 20 22 को फरियादी संदीप सोनी सहित 12 लोगों ने शिकायत की थी कि वैष्णवी ज्वेलर्स के संचालक पंकज पिता छोटेलाल सोनी निवासी फोनिक टाउनशिप द्वारा ज्वेलरी गिरवी रख और ज्वेलरी बनाने के नाम पर लाखों का सोना लेकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 4 सूची 409 और 420 का प्रकरण दर्ज किया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने उसके ठिकानों पर छापा भी मारा मगर उसका पता नहीं चला। टी आई पीएल शर्मा ने आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित की। टीम ने आरोपी के मोबाइल नंबर की सीडीआर एवं लोकेशन प्राप्त कर आरोपी पंकज सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# घोड़ी का जुआ खेलते हुए पकड़ा , हजारों रुपए किए जप्त

इंदौर  । सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने घोड़ी का जुआ खेलते हुए आरोपियों को पकड़ा और उनके पास से 32 हजार रुपए और अन्य उपकरण जप्त किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार टी आई कुशवाहा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 4 के सामने सियागंज गली नंबर 2 में घोड़ी का जुआ चल रहा है। उनके निर्देश पर पुलिस ने घेराबंदी कर मोहम्मद इकबाल इमरान खान रईस अब्दुल सलीम युसूफ इकबाल अकरम एजाज हुसैन मोहम्मद साजिद को गिरफ्तार कर इनके पास से 32000 रुपए नकदी बरामद किए हैं। आरोपियों के पास से घोड़ी के दाने पासी आदि उपकरण भी जप्त किए हैं। इसी प्रकार बेटमा थाने के सहायक उप निरीक्षक कमलेंद्र दीक्षित के मुताबिक ग्राम भवरगढ़ में जुआ खेलते हुए रामलाल गुप्ता रमाकांत राजपूत बाबू सिंह चौहान रमाकांत विश्वकर्मा आदि को पकड़ा इनके पास से ?2600 जप्त किया वही बेटमा पुलिस ने बजरंगपुरा खेत में जुआ खेलते पांच आरोपियों को पकड़ा इनके पास से ?2200 बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ 13 जुआ  एक्ट का केस दर्ज किया है।

# आपको संभालनी होगी निर्विकल्प अवस्था



परम पूज्य माताजी
श्री निर्मला देवी
10 मार्च 1985

यह आप सब लोगों के लिए एक अच्छी खबर है, जो मुझे अवश्य बतानी चाहिए। वह यह हैः अब मैं महसूस करती हूँ कि आप सब एक ऐसी अवस्था में हैं, जिसमें मैं जब भी कुछ कहती हूँ, यह आपके ऊपर कार्य करता है।

आप उच्चतर अवस्था तक उन्नत हो चुके हैं। अगर मैं किसी ऐसे उच्चतर विषय के बारे में बात कर रही होती हूँ, तो यह घटित हो जाती है। बेशक, अभी-अभी यह आपके साथ घटित हुआ है, लेकिन आप तब भी कभी-कभी दोबारा से नीचे आ जाते हैं। अतः आपको केवल अपने आप को संभालना है, और यही काम आपको करना है। अभी इस समय, यह वही अवस्था है

**जिसमें आप बैठे हुए हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। (परमात्मा का साम्राज्य - निर्विकल्प)**

यह एक अच्छी बात है। मैं ऐसा उन लोगों के साथ नहीं कर सकती हूँ, जो आत्मसाक्षात्कारी नहीं हैं या जिन्होंने अभी-अभी आत्मसाक्षात्कार लिया है।

लेकिन आप जैसे स्तर वाले लोगों के साथ, मैं इसे कर सकती हूँ और कइयों ने इसे उसी तरह से अवश्य अनुभव किया है कि हम वहाँ उस स्थिति में हैं, पूरी तरह से वहाँ हैं। लेकिन पुनः यह स्थिति नीचे आ जाती है। अतः उस बिंदु पर आप सावधान रहें। अतः यह एक गंभीर बात नहीं है। यह एक अत्यंत प्रसन्नता देने वाली बात है, और खुशी है कि हम सब इसे कर सकते हैं। यह बहुत महान है।

आप नहीं जानते हैं कि जो कुछ भी हम पहले कर चुके हैं, वह बहुत महान कार्य है, और हमें महानतम से भी महानतम काम करने होंगे और यही सब अत्यंत उत्साहवर्धक है।

# घर के बाहर नारियल का पेड़ लगाना शुभ या अशुभ, जानिए क्या कहता है वास्तु शास्त्र

सनातन धर्म में नारियल का पेड़ लगाता बेहद शुभ माना जाता है। साथ ही इसको शुद्धता का प्रतीक भी माना जाता है। इसलिए हर पूजा-पाठ में नारियल को शामिल किया जाता है। नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक नारियल के पेड़ में मां लक्ष्मी वास करती हैं।

वहीं बहुत सारे लोग अपने घर के सामने नारियल का पेड़ लगाते हैं। जिससे कि घर के आसपास का वातावरण आकर्षक लगे। अगर आप भी अपने घर के बाहर नारियल के पेड़ लगाने की सोच रहे हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि घर के सामने नारियल का पेड़ लगाना शुभ होता है या नहीं।



## घर के बाहर नारियल का पेड़

वास्तु शास्त्र की मानें तो घर के सामने नारियल का पेड़ लगाना शुभ होता है। इस पेड़ को घर के सामने लगाने से आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। साथ ही व्यक्ति को सभी कष्टों से छुटकारा भी मिल जाता है। इस पेड़ को घर के सामने लगाने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। ऐसे में घर के बाहर नारियल का पेड़ लगाना शुभ माना जाता है।

## इस दिशा में पेड़ लगाने से नौकरी-व्यापार में लाभ

अगर किसी व्यक्ति को नौकरी या व्यापार में किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो उस व्यक्ति को नारियल का पेड़ घर के आंगन में लगाना चाहिए। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा घर में नहीं आती है। नारियल के पेड़ को दक्षिण या पश्चिम दिशा में लगाना शुभ माना जाता है।

## समस्याओं से मिलेगी मुक्ति

कई बार काफी मेहनत के बाद भी मनचाही सफलता नहीं मिलती है। ऐसे में नारियल को 21 बार अपने सिर से वार लें और देवी के स्थान पर जाकर जला दें। इस उपाय को मंगलवार और शनिवार को करना है। ऐसा करने से आपको सभी समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा और रोगदोष से भी मुक्ति मिल जाएगी।

## घर में छिड़कें नारियल पानी

नारियल के पानी का घर में छिड़काव करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और व्यक्ति को कभी पारिवारिक कलह का सामना नहीं करना पड़ता है। इस उपाय को करने से घर के सदस्यों के आपसी संबंध भी मजबूत रहते हैं।

## घर में आएगी सुख-शांति

व्यक्ति को तमाम समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए घर में नारियल का पेड़ लगाना चाहिए। इससे आपके घर में मां लक्ष्मी का वास होता है और व्यक्ति को सुख-शांति व समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# आर्थिक तंगी से हैं परेशान तो रोजाना करें इस मंत्र का जाप, धन-संपदा की नहीं होगी कमी

हिंदू धर्म में कुबेर देव को धन का देवता माना गया है। मान्यता के अनुसार कुबेर देव की पूजा-आराधना करने से धन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। साथ ही दरिद्रता दूर होती है और घर में धन आगमन का जरिया बनता है। आर्थिक तंगी का सामना कर रहे लोग कुबेर देवता को प्रसन्न करने के लिए उनकी पूजा-पाठ करते हैं। ताकि वह आर्थिक समस्या से बाहर निकल सकें।

ऐसे में अगर आप भी कुबेर देव की कृपा पाना चाहते हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुबेर देव के चमत्कारिक मंत्र के बारे में बताने जा रहे हैं। इन मंत्रों का रोजाना जाप करने से दरिद्रता दूर होती है और घर में धन संपदा व सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

## ऐसे करें जाप

इस मंत्र का जाप करने के लिए दक्षिण दिशा की ओर मुख करके बैठ जाएं। फिर ऊपर बताए गए कुबेर मंत्र का 108 बार जाप करें। मंत्र का जाप करने के दौरान धनलक्ष्मी की कौड़ी अपने पास रखें। मान्यता के मुताबिक बेल के पेड़ के नीचे बैठकर इस मंत्र का 1 लाख बार जप करने से निश्चित ही व्यक्ति की आर्थिक समस्याएं दूर हो जाती हैं। वहीं लगातार 3 महीने तक इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होती है।

**अष्टलक्ष्मी कुबेर मंत्र**-? ह्रीं श्रीं क्रीं श्रीं कुबेराय अष्ट-लक्ष्मी मम गृहे धनं पुरय पुरय नमः॥

**ऐसे करें इस मंत्र का जाप**

यह मंत्र धन की माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर का मंत्र है। इस मंत्र का जो भी व्यक्ति सच्चे मन से जाप करता है, उसके जीवन की सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। ऐसा व्यक्ति जीवन में सौभाग्य, पद और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। शुक्रवार की रात से इस मंत्र का जाप करना शुभ माना जाता है।

**धन प्राप्ति के लिए कुबेर मंत्र**


श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं क्लीं वित्तेश्वराय नमः॥

## ऐसे करें इस मंत्र का जाप

किसी भी पूजा के बाद भगवान कुबेर के इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को सभी तरह के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। ऐसे व्यक्ति के जीवन में कभी भी धन धान्य की कमी नहीं होती है और व्यक्ति को कभी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है। कुबेर देव के इस मंत्र से न सिर्फ गरीबी दूर होती है, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

# Dunki

## ने दुनियाभर में की 157 करोड़ की कमाई, SRK ने घर की बालकनी पर अपने सिग्नेचर पोज के साथ किया फैंस का शुक्रिया






मुंबई। शाहरुख खान ने सिनेमाघरों में डंकी के हिट होने के कुछ दिनों बाद रविवार को अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए वर्ष 2023 में उनकी तीसरी और आखिरी फिल्म की रिलीज पर अपना प्यार दिखाने के लिए उनका धन्यवाद किया। फिल्म के निर्माताओं के अनुसार, कॉमेडी–ड्रामा फिल्म डंकी ने दुनियाभर में 157.22 करोड़ रुपये की कमाई की है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के अनुसार, शाहरुख अपने बांद्रा स्थित घर मन्नत के बाहर खड़े प्रशंसकों के लिए बालकनी में आए। अभिनेता ने हाथ जोड़कर और फ्लाइंग किस कर प्रशंसकों का अभिवादन किया और बांहें फैलाकर अपना खास पोज दिया। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी शाहरुख खान की इस साल प्रदर्शित हुई तीसरी फिल्म है जो बृहस्पतिवार को रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहरुख के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर मुख्य भूमिका में हैं।

डंकी के निर्माण में शामिल कई प्रोडक्शन हाउस में से एक 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' ने अपने आधिकारिक एक्स पृष्ठ पर टिकट खिड़की के आंकड़े साझा किए। 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' ने पोस्ट में लिखा, डंकी के लिए प्यार हर दिन और बढ़ता जा रहा है और हम इसके लिए बहुत आभारी हैं।'' इसने बताया कि फिल्म ने दुनियाभर में टिकट खिड़की पर 157.22 करोड़ रुपये की कमाई की है।

इस फिल्म को जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स ने मिलकर बनाया है। अवैध आव्रजन तकनीक डंकी फ्लाइट पर आधारित कॉमेडी ड्रामा फिल्म डंकी की कहानी हिरानी, ??अभिजात जोशी और कनिका ढिल्लों ने लिखी है। शाहरुख खान की डंकी उनकी वर्ष 2023 की तीसरी फिल्म है जबकि उनकी पहली दो फिल्में पठान और जवान थी।




# दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जीतकर 31 साल का इंतजार खत्म करेगी टीम इंडिया, मंगलवार से टेस्ट का आगाज

**वनडे विश्व कप के फाइनल में 36 दिन पहले मिली हार की निराशा को भुलाकर भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने के अपने 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज मंगलवार से शुरू होगी। यह 1992 से लेकर अब तक भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट सीरीज होगी, लेकिन अभी तक वह इस देश में एक भी सीरीज नहीं जीत पाया।**





यही वजह है कि हमेशा की तरह वर्तमान श्रृंखला को भी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए ‘अंतिम किला’ कहा जा रहा है। लेकिन सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। सेंचुरियन के विकेट से तेजी और असमान उछाल मिलती है जिससे की मुकाबला खड़ा होने की संभावना है।

वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी करने का मौका था लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के कारण वह विश्व विजेता कप्तान नहीं बन पाए। अब उनके पास दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का मौका है और वह इसे हाथ से नहीं जाने देंगे।

दक्षिण अफ्रीका में मोहम्मद अज़हरुद्दीन (1992), सचिन तेंदुलकर (1996) और सौरव गांगुली (2001) की कप्तानी में भारत को नाकामी हाथ लगी। राहुल द्रविड़ (2006-07), धोनी (2010-11 और 2013-14) और विराट कोहली (2018-19 और 2021-22) ने टेस्ट मैच जीते लेकिन कोई भी टीम श्रृंखला नहीं जीत पाई। भारत के कुछ स्टार क्रिकेटरों का यहदक्षिण अफ्रीका का अंतिम दौरा हो सकता है और वह निश्चित तौर पर इसको यादगार बनाने के लिए बेताब होंगे। तेंबा बावुमा की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो भारत के युवा बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की असली परीक्षा कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और गेराल्ड कोएत्ज़ी जैसे गेंदबाजों के सामने होगी। इसी तरह से उपमहाद्वीप की पिचों पर खुद को साबित करने वाले शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को अधिक चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शॉर्ट पिच गेंद अय्यर की कमजोरी मानी जाती रही हैं और उन्हें इससे पार पाने के लिए कुछ खास करना होगा।

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ नहीं चाहते हैं कि जायसवाल और गिल अपनी शैली में बदलाव करें लेकिन वह चाहते हैं कि वे परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करें। द्रविड़ ने कहा,‘‘हम खिलाड़ियों को उस तरीके से खेलने के लिएप्रोत्साहित करते हैं, जिसमें वह सहज महसूस करते हैं लेकिन उनको परिस्थितियों को भी दिमाग में रखना होगा। दक्षिण अफ्रीका में खेलते हुए उन्हें कुछ रणनीतिक चीजें अपनानी होंगी।’’ भारत का प्रदर्शन हालांकि तीन कारकों पर निर्भर करेगा।

पहला कप्तान रोहित शर्मा हुक और पुल शॉट का कितनी अच्छी तरह से प्रदर्शन करते हैं, दूसरा विराट कोहली कितने समय तक ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को छोड़ने का फैसला करते हैं और तीसरा टीम मोहम्मद शमी की कमी को कैसे पूरा करती है। शमी की जगह मुकेश कुमार या प्रसिद्ध कृष्णा में से किसी एक को चुना जा सकता है। बावुमा, इस श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की घोषणा कर चुके डीन एल्गर, स्टाइलिश एडेन मार्कराम, युवा टोनी डी ज़ोरज़ी और कीगन पीटरसन के रूप में दक्षिण अफ्रीका के पास अच्छे बल्लेबाज हैं जो भारतीय गेंदबाजों को परेशान कर सकते हैं। इस मैच में केएल राहुल विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे।

सीमित ओवरों की क्रिकेट में इस भूमिका को अच्छी तरह से निभाने वाले राहुल लंबी अवधि के प्रारूप में विकेट के पीछे कैसा प्रदर्शन करेंगे, इस पर भी सभी का ध्यान रहेगा। विदेश में खेला जाने वाला यह एक और टेस्ट मैच होगा जिसमें ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को परिस्थितियों और टीम संयोजन के कारण बाहर बैठना पड़ सकता है। सुपरस्पोर्ट पार्क में अमूमन चार दिन के अंदर परिणाम निकल जाता है लेकिन अगर पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ जाता है और टॉस दूसरे दिन होता है तो फिर पहले बल्लेबाजी करना निश्चित तौर पर मुश्किल काम होगा।



# शिक्षा हमारी माटी के आदर्शों के अनुकूल हो-श्री मंगुभाई पटेल

## हिन्दी को लोकप्रिय बनाने में अटल जी का योगदान ऐतिहासिक

## अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए शिक्षा का स्वरूप हमारी माटी के आदर्शों के अनुकूल होना चाहिए। इससे युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत की जा सकती है। विद्यार्थी दीक्षांत शपथ का जीवन भर अनुसरण करे, अपने माता-पिता और गुरूजनों का सम्मान करे। श्री पटेल आज अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह का आयोजन भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया।**



### अटल जी की तरह दुनिया में हिन्दी का परचम लहराये

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर उनको नमन किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे भी अटलजी की तरह पूरी दुनियाँ में हिन्दी का परचम लहराये और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करे। हिन्दी के प्रचार-प्रसार और उस को लोकप्रिय बनाने में स्वर्गीय अटल जी का योगदान ऐतिहासिक और अनुकरणीय है। वे महान हिन्दी सेवी, कवि हृदय और प्रखर वक्ता के रूप में सदैव याद किये जाएंगे। श्री पटेल ने स्व. अटल जी से जुड़ा अपने जीवन काल का प्रसंग भी सुनाया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने सिकल सेल एनिमिया जागरूकता प्रयासों में बेहतर कार्य किया है। विश्वविद्यालय ने भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े हुए विभिन्न शास्त्रों के ज्ञान-विज्ञान को पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आधुनिक और भारतीय संस्कृति के परंपरागत ज्ञान का समन्वय करते हुए युवा पीढ़ी को बंधन मुक्त शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल शिक्षण की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि जीवन की चुनौतियों को स्वीकार ने, सामना करने और भविष्य के लक्ष्यों को तय करने का माध्यम है। शिक्षण संस्थान ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करे जो समग्र व्यक्तित्व के विकास के साथ रोजगार कौशल में विश्व स्तरीय और चारित्रिक दृष्टि से उत्कृष्ट और संस्कारित हो।

### हर नौजवान बन सकता है हिंदुस्तान की तरक़्क़ी का कारण

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि देश का हर नौजवान हिंदुस्तान की तरक़्क़ी का कारण बन सकता है। युवा अपने सपने को प्राप्त करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सकता है। आप सभी अपने ज्ञान, कौशल, चरित्र से और सामर्थ्य से 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प ले। दीक्षांत तक की यात्रा कठिन परिश्रम से सम्भव हुई है, यहाँ से नई ऊचाईयों पर पहुँच कर देश-प्रदेश और परिवार का नाम रोशन करे।

### विद्यार्थियों ने बताया विकसित भारत ञ2047 के लिए अपना विज़न

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विकसित भारत ञ2047 के संकल्प के संबंध में दीक्षित विद्यार्थियों और युवाओं से बात की। इस अवसर पर श्री पटेल ने भारत को विकसित बनाने के संबंध में विद्यार्थियों के संकल्पों, सुझावों, विचारों और लक्ष्यों को सुना। विद्यार्थियों ने भी राज्यपाल श्री पटेल से विकसित भारत ञ2047 के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने इस अवसर पर सरस्वती प्रतिमा और श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया।श्री पटेल का शॉल, श्रीफल से स्वागत और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्मारिका, शोध पत्रिका और प्रकाशनों का लोकार्पण किया। दीक्षांत समारोह में 170 विद्यार्थियों को उपाधि और सर्वोच्च अंक प्राप्ति के लिए विद्यार्थियों को पदक प्रदान किये गये। स्वागत उद्बोधन और वार्षिक प्रतिवेदन कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय श्री खेमसिंह डहरिया ने प्रस्तुत किया। उन्होंने दीक्षित विद्यार्थियों को दीक्षांत शपथ दिलाई। समारोह के अतिथि निदेशक आई.आई.आई.टी.डी.एम. श्री भारतेंदु कुमार ने दीक्षांत उपदेश दिया। आभार कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय श्री सतेन्द्र कुमार जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न सभाओं के सदस्य, गुरूजन, दीक्षित विद्यार्थी और उनके परिजन उपस्थित थे।




# इंदौर में हुकुमचंद मिल के मजदूरों को मिली बकाया राशि

# PM बोले- गरीब, युवा, महिलाएं, किसान ये चार जातियां मेरे लिए बड़ी





**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर में 'मजदूरों के हित, मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़कर कहा, %मेरे लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी हैं- गरीब, युवा, महिलाएं और मेरे किसान भाई। गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी प्राथमिकता है।**

PM ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हुकुमचंद मिल के मजदूरों की बकाया राशि मिलने की प्रोसेस की शुरुआत वर्चुअली की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिसमापक (एक व्यक्ति या इकाई, जो किसी चीज का खात्मा करता है- आमतौर पर संपत्ति के मामले में) को यह चेक सौंपा।

32 साल से मजदूरों की देनदारियां बाकी थीं। मिल के करीब 4800 मजदूरों को उनके हिस्से का पैसा 15 से 30 दिन में मिल जाएगा। रकम बैंक खातों में आएगी। कनकेश्वरी धाम में हुए आयोजन में ष्टरूने कन्या पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत की।

### PM के भाषण की बड़ी बातें...

ये कार्यक्रम मेरे लिए संतोष का विषय- मुझे खुशी है कि आज अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती है। ड्ढछ्वक्क की ये नई सरकार और नए ष्टरूऔर प्रदेश में ये मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है, वो भी मेरे श्रमिक भाई-बहनों के लिए होना मेरे लिए संतोष का विषय है।

### 25 दिसंबर को न्याय के लिए याद किया जाएगा

आज 224 करोड़ रुपए का चेक सौंपा गया। ये राशि श्रमिकों तक पहुंचेगी। आपको कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन अब आपके सामने सुनहरे भविष्य की सुबह है। इंदौर के लोग 25 दिसंबर को श्रमिकों को न्याय मिलने के दिन के तौड़ुर पर याद रखेंगे।

गरीबों का प्यार क्या कमाल कर सकता है, जानता हूं मुझे विश्वास है कि डबल इंजन सरकार को गरीब, श्रमिकों का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। इनका प्यार और आशीर्वाद क्या कमाल कर सकता है, ये मैं अच्छी तरह से जानता हूं। ड्ढछ्वक्क की नई टीम आने वाले दिनों में नई उपलब्धियां हासिल करेगी। ये मुझे विश्वास है।

इंदौर की तुलना कभी मैनचेस्टर से होती थी- स्वच्छता और स्वाद के लिए मशहूर इंदौर कितने ही क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। इंदौर के विकास में यहां के कपड़ा उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शहर की पहली कॉटन मिल की स्थापना होलकर राजघराने ने की थी। एक समय था जब इंदौर की तुलना मैनचेस्टर से होती थी।

### किसने - क्या कहा...

CM मोहन यादव ने कहा, जहां कैलाश जी को खड़ा कर दो, वहां जीत निश्चित होती है। पूर्व मंत्री उषा ठाकुर का बाद में नाम लेने पर मुख्यमंत्री ने उनसे माफी मांगी। बोले, माफ करना दीदी क्रम में तालमेल थोड़ा सा गड़बड़ाया है। CM ने कहा, मैं मजदूर का बेटा हूं, इसीलिए मजदूरों का दर्द समझता हूं।

विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, आज का दिन इंदौर के इतिहास और विशेषकर मजदूरों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। आपने इंदौर में 9 की 9 विधानसभा सीट दी है। 5 साल बाद इंदौर का नक्शा देखना। विश्व के अच्छे शहरों में इंदौर होगा। यह वादा है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा है कि जल्द ही भारत में ओलिंपिक करवाने वाले हैं। CM से आग्रह है कि ओलिंपिक का एक खेल इंदौर में भी हो। यहां ओलिंपिक स्टैंडर्ड का एक कुश्ती मैदान और एकेडमी की ट्रेनिंग की तैयारी ओलिंपिक से पहले हो जाए।

### कुल 464 करोड़ रुपए का भुगतान होना है

इंदौर में मिल की यह कानूनी लड़ाई 32 साल से मजदूर लड़ रहे थे। रविवार को इसे लेकर मजदूर नेताओं की 1652वीं बैठक हुई, लेकिन यह बैठक संघर्ष के अंत की थी। कुल 464 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना है। इसमें से करीब 4800 मजदूरों के खातों में 218 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। बाकी राशि मिल की दूसरी देनदारियों में शामिल है।

### इन कामों का शिलान्यास

नगर निगम का जलूद सोलर प्लांट। लागत 308 करोड़ रुपए।
विमुक्त और घुमक्कड़ जाति संग्रहालय। लागत 4.30 करोड़ रुपए।
लोक निर्माण विभाग की ऋष्टह्र सड़कें। लागत 10 करोड़ रुपए।

### इन कामों का लोकार्पण

**नगर निगम के 30 संजीवनी क्लिनिक। लागत 6.31 करोड़ रुपए।**

**उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महू कॉलेज में आधुनिक लाइब्रेरी भवन। लागत 1.40 करोड़ रुपए।**

**61 जल जीवन मिशन योजनाओं में नल कनेक्शन। लागत 54 करोड़ रुपए।**

**30 किमी की दो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना। लागत 19 करोड़ रुपए।**

**एमवाय में 120 बिस्तर के वार्ड। निगम एरिया में कामकाजी महिलाओं के लिए 100 कैपेसिटी का हॉस्टल। लागत 5.40 करोड़ रु. ।औद्योगिक क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड के एग्जीबिशन सेंटर।**

# क्रिसमस के अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट के पदाधिकारी रेड़ चर्च इन्दौर पहुचकर, ईसाई धर्मावलिम्बीयो को क्रिसमस की बधाई दी

**फादर मैथ्यू थामस, फादर सिरील व अन्य को गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा ईसाई महानायको पर लिखित वड़मय के खण्ड भेट किया। गायत्री शक्ति पीठ केशर बाग के कार्यकर्ताओं ने फादर मैथ्यू थामस, फादर सिरील व अन्य को गायत्री परिवार की ईसाई महानायको की पुस्तके भेट कीं रेड चर्च प्रमुख विशप चाको के स्वास्थ्य लाभ के लिए गायत्री यज्ञ में आहुति दी।**

इन्दौर । क्रिसमस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ केशर बाग इन्दौर के कार्यकर्ता रेड चर्च इन्दौर पहुंचकर ईसाई समाज के लोगो को शुभकामनायें देकर फादर थामस मेथ्यू, फादर सिरील व सिस्टर्स को गायत्री परिवार के सूत्र संचालक पं. श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा विश्व के ईसाई महानायको व समाज सुधारको पर लिखित वाड़मय भेंट किया जिसे ईसाई समाज ने सहर्ष स्वीकार कर प्रसन्नता व्यक्त की।

उक्त जानकारी देते हुए गायत्री पविार ट्रस्ट केशर बाग के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी श्री सजल तिवारी व ममता ठाकुर ने बताया कि गायत्री परिवार के प्रमुख डा. प्रणव पण्डया व शैल दीदी ने गायत्री परिवार के प्रतीक चिन्ह लाल मशाल के नीचे सभी धर्माविम्लबी, हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई को खड़ा कर सबका सम्मान कर देश में सुख-शांति की स्थापना करना है। इसी क्रम में आज क्रिसमस के अवसर पर इन्दौर रेड चर्च में जाकर गायत्री परिवार ट्रस्ट के पदाधिकारीयो ने विश्वभर के ईसाई महानायको, संत सेवाभावी, समाज सुधारको की जीवनी पर पं.श्री राम शर्मा द्वारा लिखित पुस्तको का संग्रह वाड़मय फादर थामस मेथ्यू फादर सिरील व अन्य सिस्टर्स को भेट किया व क्रिसमस की बधाई दी जिसे फादर थामस मैथ्यू ने सहर्ष स्वीकार किया व गायत्री परिवार को धन्यवाद दिया।

श्री सजल तिवारी ने बताया कि, पं. श्री राम शर्मा आचार्य ने अपनी किताब में ईसाई धर्म के समाज सुधारक व महान विभुतियों व संत श्री ईसा मसीह, डा. गोर्डन सीग्रेव, जन-कल्याण के समर्पित महान आत्मा चार्ल्स डिकेन्स आदर्श सहकारी प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता एभास बुडवर्ड, उदारमना मानवतावादी विज्ञान तपस्वी अलवर्ट आईन्सटीन विचार और सहसिक दृढ़ता के प्रतीक अर्नेस्ट हैमिग्वे तुफानी विद्यार्थी अगस्तो ऋषि, नोबुल पुरस्कार के प्रर्वतक अन्फ्रेड नोबुल, अमरकला साधक फ्रा. एंजिल्को, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए लड़ने वाले तुफानी पत्रकार गार्ड आल्ट्रेड सहित्यिक संत श्री वनार्ड शा, सान यज्ञ के होता न्यूटन विद्याव्यसनी मोची-जोजफ पेन्ड्रेल, ज्यामिती का जनक युक्तिड, लोक प्रिय जनकवि रावर्ट फ्रंस्ट, न्याय के प्रबल समर्थक विल्हिम वेडर वर्न, केलीफोर्निया के गांधी- सेसार कावेज, मानवीय समता के प्रतिष्ठायक कार्ल मार्क्स सहित 100 से अधिक ईसाई महानायको संत, व समाज सुधारको के जीवन पर प्रकाश डाला गया है। फादर थामस मैथ्यू व फादर सिरील ने इन पुस्तको को पढने, पढाने की बात कहते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। गायत्री परिवार ने रेड चच प्रमुख विशप चाको के स्वास्थ्य लाभ के लिए यज्ञ में महामृत्युजय मंत्र से आहुति दी गई। इस अवसर पर लखन सोलंकी, आरती, माधुरी जाधव, मनीष शुक्ला व ममता ठाकुर भी उपस्थित थे।







स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )